## महत्वपूर्ण एवं खास



### खरसिया के ग्राम घघरा जुआ फड पर खरसिया पुलिस की रेड कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खरसिया पुलिस द्वारा आज दिनांक 19.12.19 ग्राम घघरा तालाब के पास 52 पत्ती तास से जुआ खेलते जुआडियान - 1. नरेन्द्र कुमार निषाद पिता रंगनाथ निषाद उम्र 48 वर्ष 2. यशराम निषाद पिता रामधन निषाद उम्र 22 वर्ष 3. नरसिंह निषाद पिता धरमलाल उम्र 25 वर्ष 4.गोविंद राठौर पिता रामनारायण राठौर उम्र 30 वर्ष 5. सुन्दर लाल निषाद पिता बरतराम निषाद उम्र 28 वर्ष 6. सुन्दर लाल निषाद पिता लटीराम निषाद उम्र 50 वर्ष सभी साकिनान घघरा थाना खरसिया को घेराबंदी कर पकड़े। जिनके सामने फड़ व पास से जुमला नगदी रकम 2010/ रूपये, 52 पत्ती तास बोरी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### 21 दिसम्बर मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के लिए नगर पालिका निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के पार्षद पदों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत स्थित कार्यालयों में 21 दिसम्बर को मतदान करने के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### आमापाली में 28 दिसम्बर को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम आमपाली में 28 दिसम्बर को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

### मतगणना हेतु द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 22 दिसम्बर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 नगर पालिक निगम रायगढ़ के निर्वाचन पश्चात मतगणना हेतु द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 22 दिसम्बर को शासकीय पालीटेक्निक कालेज रायगढ़ में आयोजित की जाएगी।

### मतों के गणना में सहायक रिटर्निंग आफिसरों की सहयोग हेतु जारी आदेश में आंशिक संशोधन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायगढ़ के मतों के गणना में सहायक रिटर्निंग आफिसरों के सहयोग हेतु जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। जिनमें वार्ड क्रमांक 19 से 24 के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है तथा उनके आवश्यक सहयोग हेतु लो.निर्माण विभाग सेतु रायगढ़ सहा.अभि.श्री ए.एल.बरेठ की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 31 से 36 के लिए सहायक आयुक्त आबकारी दिनकर वासनिक को रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है तथा उनके आवश्यक सहयोग हेतु प्र.मं.ग्रा.स.यो.के सहायक अभियंता सत्यनारायण देवांगन, वार्ड क्रमांक 37 से 42 के लिए जिला लो.शि.सं.रायगढ़ के परियोजना डी.के.वर्मा को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है तथा उनके सहयोग हेतु जल संसाधन उप संभाग रायगढ़ के करन साहू एवं वार्ड क्रमांक 43 से 48 के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग आर.के.खामरा को रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है तथा उनके सहयोग हेतु केलो परि.सर्वेक्षण संभाग के सहायक अभियंता शिवानंद शर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

# 90 स्थायी वारंटियों को कराया गया न्यायालय हाजिर






» गुंडा/निगरानी बदमाशों को दी जा रही है कड़ी चेतावनी
» शांतिपूर्ण चुनाव कराने के उद्देश्य से वारंटियों तथा गुण्डा बदमाशों के विरूद्ध अभियान
» अभियान दौरान वारंट तामिली और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में आयी तेजी
» लायसेंसी शस्त्र कराये गये जमा, सोशल मीडिया पर रखी जा रही है नजर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्य में नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता सभी जिलों में लागू की गई है। जिले में निकाय निकाय निर्वाचन 2019 निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराने हेतु जिला प्रशासन व जिला पुलिस की तैयारी लगभग पूर्ण है। जिले में 9 नगर निकाय चुनाव - नगर पालिक निगम रायगढ़, नगर पालिका परिषद खरसिया, नगर पंचायत बरमकेला, सरिया, पुसौर, किरोड़ीमलनगर, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, लैलूंगा में होना है। सभी पोलिंग बूथ पर सुरक्षा व्यवस्था में जवानों की ड्यूटी लगा दी गई है। शहर में 18 पुलिस पेट्रोलिंग कल से मतदान पूर्ण होने तक भ्रमणशील रहेंगे। इसी प्रकार नगर पालिक खरसिया में 03 एवं नगर पंचायत क्षेत्र में 2-2 पुलिस पेट्रोलिंग निरंतर पेट्रोलिंग पर रहेंगे।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा इन सभी नगरी निकाय क्षेत्रों में एक-एक राजपत्रित अधिकारियों को मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त किये है जो पोलिंग बूथ में बल वितरण से लेकर मतगणना तक सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे तथा हर गतिविधियों से पुलिस अधीक्षक व कंट्रोल रूम रायगढ़ को अवगत कराते रहेंगे।

निकाय चुनाव के पूर्व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सभी राजपत्रित व थाना/चौकी प्रभारियों की मीटिंग आहूत कर सभी राजपत्रित अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। मीटिंग में वारंट तामिल, गुंडा बदमाशों पर निगरानी, प्रतिबंधात्मक/लघु कार्यवाही अधिक से अधिक कराने के साथ शस्त्र लाइसेंसियों पर निगाह रखने जैसी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुआ।

पुलिस अधीक्षक से प्राप्त दिशा निर्देश पर माह दिसंबर से सभी थाना/चौकी क्षेत्र में अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है । 1दिसम्बर से अब तक 90 स्थाई वारंटी तथा 116 गिरफ्तारी वारंटियों के वारंट तामिल कर उन्हें न्यायालय हाजिर कराया गया है। इसी प्रकार लघु अधिनियम व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इन 18 दिनों में 85 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। 47 व्यक्तियों को जुआ/सट्टा में पकड़ा गया। अदतन बदमाश 35 व्यक्तियों पर 110 सीआरपीसी की कार्यवाही की गई। शांति व्यवस्था भंग करने वाले 52 व्यक्तियों पर 151 सीआरपीसी तथा 680 व्यक्तियों के विरूद्ध 107,116(3) सीआरपीसी के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

इसी प्रकार जिन थाना क्षेत्र अन्तर्गत निकाय चुनाव हो रहे हैं। उन थाना क्षेत्रों के लाइसेंसी शस्त्रों को जमा कराने का आदेश प्राप्त होने पर बैंक सुरक्षा तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा में लगे लाइसेंसी शस्त्रों को छोड़ 253 लाइसेंसी शस्त्र थाने में जमा कराया गया है। वहीं जिलादंडाधिकारी महोदय रायगढ़ के न्यायालय में 21 व्यक्तियों को जिला बदर कराने की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही सभी थाना/चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के गुंडा बदमाश व असामाजिक तत्व जो चुनाव दौरान शांति व्यवस्था भंग कर सकते हैं।

उन्हें थाना/चौकी बुलाकर कड़ी समझाइश के साथ चेतावनी दी जा रही है कि शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। इसके अतिरिक्त सायबर सेल द्वारा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जा रही है। चुनाव दौरान गलत, भ्रामक और सनसनी फैलाने वाले मैसेज, फोटो, वीडियो आदि के मामले में जांच उपरांत सख्त कार्वाई की जाएगी।

इसी परिप्रेक्ष्य में आज निकाय चुनाव में लगे सुरक्षाकर्मियों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा रक्षित केन्द्र जाकर सुरक्षा ड्यूटी दौरान क्या करें, क्या ना करें इसकी जानकारी देते हुए ड्यूटी का पूर्वाभ्यास कराया गया है।

## मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्रों के लिए काउण्टवार मास्टर ट्रेनर की लगी ड्यूटी

» नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 हेतु नगर पालिक निगम रायगढ़ के लिए मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्रों के लिए काउण्टवार मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (केआईटी)गढ़उमरिया में लगाया गया है।

काउण्टर क्रमांक 1 में व्याख्याता अनिल कुमार गुप्ता, 2 में व्याख्याता डॉ.नरेन्द्र पर्वत, 3 में प्राचार्य राजेन्द्र मेहर, 4 में स.प्रशि.अधि.श्री भुवनेश्वर पटेल, 5 में प्राचार्य संतोष कुमार चन्द्रा, 6 में प्राचार्य आर.एस.प्रसाद, 7 में व्याख्याता एलबी राकेश दुबे, 8 में व्याख्याता एलबी बी.एल.गुप्ता, 9 में प्राचार्य दिनेश कुमार अग्रवाल, 10 में व्याख्याता रविन्द्र कुमार तिवारी, 11 में व्याख्याता रूपेश कुमार चौधरी एवं काउण्टर क्रमांक 12 में प्राचार्य आर.बी.आर.सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। सभी मास्टर ट्रेनर 20 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे वितरण केन्द्र में उपस्थित होंगे एवं प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक मतदान दलों को ट्रेनिंग देंगे। तत्पश्चात वितरण काउन्टर में उपस्थित रहेंगे तथा 21 दिसम्बर को सायं 4 बजे वापसी केन्द्र में उपस्थिति देंगे एवं शाम 5 बजे से पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत मतपत्र लेखा एवं डायरी का मिलान करेंगे।

## अवैध नशीली सिरप बिक्री के लिये लेकर घूमते दो युवक पकड़ाये

» आरोपियों से 28 नग ONARAX कफ सिरप, नगदी रकम, मोबाईल व मोटर सायकल जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शहर में सुभाष चौक के पास दिनांक 18/12/2019 की रात्रि को मोटर सायकल से प्रतिबंधित ONARAX कफ सिरप अवैध रूप से बिक्री के लिये लेकर घूमते हुये दो व्यक्तियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा।



जानकारी के मुताबिक दिनांक 18.12.19 की रात्रि थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एस.एन.सिंह को मुखबिर से सूचना मिला कि दो लड़के मोटर सायकल पर थैला में नशीली सिरप लेकर बेचने के लिये घूम रहे हैं। सूचना पर थाने से सउनि रमेश बेहरा एवं स्टाफ द्वारा अलग-अलग चौंक पर दोनों लड़कों की पतासाजी किया जा रहा था कि रात्रि करीब 21.20 बजे दोनों लड़के मोटर सायकल एच एफ डिलक्स क्रमांक सीजी 13 यूएच 7785 में सुभाष चौक के पास पकड़े गये। दोनों लड़के से नाम पूछने पर (1) देवेन्द्र डनसेना पिता बसंत डनसेना उम्र 20 वर्ष (2) मुकेश डनसेना पिता भोलाराम डनसेना उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बोंदा थाना सरिया बताये। आरोपियों के थैला में 100 एमएल वाली ONARAX कफ सिरप की 28 नग शीशी कीमती 3500 रूपये मिला। आरोपियों से नशीली सिरप एवं उनकी 02 मोबाईल, नगदी रकम 520 रूपये एवं मोटर सायकल को जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 1075/19 धारा 21 एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

# केन्द्रीय मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने गायत्री बाई राठिया को किया सम्मानित

» प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत बेहतरीन कार्य करने के लिए श्रीमती गायत्री बाई राठिया को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

» बेस्ट फील्ड फंक्शनरीज के लिए दिया गया सम्मान

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** केन्द्रीय मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज नई दिल्ली में पुरस्कार वितरण समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत फील्ड लेवल में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पोंडीछाल की सरपंच श्रीमती गायत्री बाई राठिया को बेस्ट फील्ड फंक्शनरीज के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया।



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में बेहतरीन कार्य करने के लिए श्रीमती गायत्री बाई राठिया को ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत शासन द्वारा नई दिल्ली में 19 दिसम्बर को नास्क काम्पलेक्स, पूसा, नई दिल्ली में पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। इनके द्वारा फील्ड में काफी सक्रियतापूर्वक कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 99 आवास पूर्ण किया गया है।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर वार्ड क्रमांक 39 के प्रत्याशी देवनारायण राठौर को नोटिस जारी किया

» कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफिसर स्थानीय निर्वाचन यशवंत कुमार ने स्पष्टीकरण के लिए एक दिन का दिया समय

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफिसर, स्थानीय निर्वाचन यशवंत कुमार ने वार्ड क्रमांक 39 के पार्षद प्रत्याशी देवनारायण राठौर को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर नोटिस जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि देवनारायण राठौर द्वारा व्हाट्सप में अपने फोटो सहित वर्ष 2020 का कैलेण्डर सहित धार्मिक चित्र का प्रयोग करते हुए पंजा छाप में मुहर लगाकर विजयी बनाने का आग्रह करते हुए मेरा वार्ड मेरा परिवार मुद्रित किया गया है। कैलेण्डर में मुद्रक, प्रकाशक एवं संख्या का उल्लेख नहीं है। उक्त कृत्य नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के आदर्श आचरण संहिता के बिन्दु क्रमांक 1.2 का उल्लंघन है। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी ने उनको इस संबंध में एक दिवस में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। निर्धारित समयावधि में समाधानकारक उत्तर प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।




## राष्ट्रीय कुष्ठ शिक्षा कार्यक्रम के संबंध दिया गया प्रशिक्षण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में आज राष्ट्रीय कुष्ठ शिक्षा कार्यक्रम (National Leprosy Education Programme) का प्रशिक्षण आरोग्यम सभाकक्ष में दिया गया। जिसमें लैलूंगा, धरमजयगढ़, तमनार, चपले के एमओ और एएमओ को डॉ.एस.राय चेन्नई, डॉ.गौतम कुमार झारखंड, डॉ.प्रदीप कुण्डू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कुष्ठ से दिव्यांगता को समाप्त करके या ऑपरेशन द्वारा ठीक करके उन्हें समाज का हिस्सा बनाना है। प्रशिक्षण में 42 लोग उपस्थित रहे। जिमसें 3 फिजियोथैरपी डॉक्टर ने भी प्रशिक्षण लिया जो, विकासखंड जाकर कुष्ठ दिव्यांगता का जांच कर एवं उपचार हेतु प्रेरित करेंगे।



## पीएससी मुख्य परीक्षा 2018 का परिणाम घोषित

» 821 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के लिए चयन

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2018 के लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम के आधार पर 821 अभ्यर्थियों का प्रावधिक आधार पर साक्षात्कार के लिए चिन्हांकन किया गया है। परीक्षा नियंत्रक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2018 में छत्तीसगढ़ शासन के अधीनस्थ विभाग के अंतर्गत विभिन्न 17 सेवाओं हेतु कुल 273 पद विज्ञापित किए गए थे। राज्य सेवा, प्रारंभिक परीक्षा 2018 के परिणाम के आधार पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा कुल 4 हजार 128 अभ्यर्थियों का राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2018 के लिए प्रावधिक आधार पर चिन्हांकन किया गया था।

## धरमजयगढ़ में मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के लिए आज धरमजयगढ़ विकास खण्ड में मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर कृष्णा विश्वास और अनिल पैंकरा ने निर्वाचन से संबंधित जानकारी दी। साथ ही उन्हें मतदान की प्रक्रिया, मतगणना, मतपेटी सीलिंग और महत्वपूर्ण प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि पीठासीन अधिकारियों का उनके संबंधित मतदान केन्द्रों की जिम्मेदारी रहेगी। प्रशिक्षण में अधिकारियों के शंका और समस्याओं का भी समाधान किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480